# प्रैक्टिस सेट-2

## सामान्य ज्ञान

1. .....डेटा बुक भारत में जानवरों, वनस्पतियों और कवकों की दुर्लभ और लुप्तप्राय: प्रजातियों के दस्तावेजीकरण के लिए स्थापित एक राजकीय दस्तावेज है-
(a) येलो (b) व्हाइट
(c) रेड (d) ब्लू

2. निम्न में से कोशिकाओं का कौन-सा भाग पशु कोशिकाओं में नहीं होता है?
(a) केंद्रक (न्यूक्लियस)
(b) कोशिकाद्रव्य (साइटोप्लाज्म)
(c) कोशिका भित्ति
(d) कोशिका झिल्ली

3. निम्न में से किस जाति (स्पीशीज) में बाह्य निषेचन होता है?
(a) मुर्गी (b) बिल्ली
(c) मेंढ़क (d) सांप

4. मानवों में, आवाज....... द्वारा उत्पादित होती है-
(a) कंठ (लैरिंक्स) (b) श्वास नली
(c) फेफड़ा (d) मुँह

5. निम्न में से कौन-सी मृदा कपास की खेती के लिए उपयुक्त होती है?
(a) लैटेराइट मिट्टी (b) जलोढ़ मिट्टी
(c) काली मिट्टी (d) लाल मिट्टी

6. निम्न में से कौन-सा जानवर भारत में स्थानिक प्रजाति (वह जानवर जो केवल एक ही भौगोलिक क्षेत्र में रहते हैं) का उदाहरण नहीं है?
(a) एकसिंगी गैंडा (b) बंगाल टाइगर
(c) मिथुन (d) गाय

7. .......भारत का सबसे बड़ा बॉक्साइट उत्पादक राज्य है-
(a) ओड़िशा (b) उत्तर प्रदेश
(c) तमिलनाडु (d) मध्य प्रदेश

8. निम्नलिखित में से किस प्रकार का कोयला उच्चतम गुणवत्ता का होता है?
(a) लिग्नाइट (b) पीट
(c) बिटुमिनस (d) एन्थ्रासाइट

9. निम्न में से पंजाब का कौन-सा प्रसिद्ध वाद्य यंत्र, लकड़ियों की कई छड़ियों से मिलकर बना होता है?
(a) मशक (b) चिमटा
(c) चिक्का (d) खड़ताल

10. किस साल में भारतीय इम्पीरियल पुलिस को भारतीय पुलिस सेवा (आईपीएस) के द्वारा बदल दिया गया था?
(a) 1950 ई. (b) 1947 ई.
(c) 1948 ई. (d) 1955 ई.

11. एम. एस. स्वामीनाथन को .......के जनक के रूप में जाना जाता है-
(a) भारत में हरित क्रांति (b) भारत के संविधान
(c) भारत में श्वेत क्रांति (d) भारत में क्रांति

12. चाय में कौन-सी मनोप्रभावी दवा पाई जाती है?
(a) ब्यूप्रोपियन (b) मेरक्लाइन
(c) एफेड्रीन (d) कैफीन

13. महात्मा गाँधी के प्रिय भजनों में से एक 'वैष्णव जन तो' के रचयिता कौन हैं?
(a) सूरदास (b) मीराबाई
(c) नरसिंह मेहता (d) ज्ञानेश्वर

14. मानव शरीर का कौन-सा भाग ऑस्टियोपोरोसिस (अस्थिसुषिरता) से प्रभावित होता है?
(a) केंद्रीय तंत्रिका तंत्र (b) हृदय
(c) हड्डियाँ (d) पैर

15. किसने मगध की राजधानी राजगृह से पाटलिपुत्र स्थानांतरित की?
(a) बिंबिसार (b) अशोक
(c) उदयिन (d) अजातशत्रु

16. `योगक्षेमं वहाम्यहम्' किसका आदर्श वाक्य है?
(a) भारतीय स्टेट बैंक (एसबीआई)
(b) एल.आई.सी. ऑफ इंडिया (भारतीय जीवन बीमा निगम)
(c) लोकसभा
(d) प्रधानमंत्री कार्यालय

17. भारत और श्रीलंका को कौन-सा जलडमरूमध्य (खाड़ी) अलग करता है?
(a) मन्नार की खाड़ी (b) अकाबा की खाड़ी
(c) मैक्सिको की खाड़ी (d) पाक जलडमरूमध्य

18. सन् 1662 में पुर्तगाल के राजा ने इंग्लैंड के चार्ल्स द्वितीय को कौन-सा भारतीय तटीय शहर दहेज के तौर पर उपहार में दिया था-
(a) मुंबई (b) पुदुचेरी
(c) कोलकाता (d) गोवा

19. पंचायती राज व्यवस्था की तीन स्तरीय संरचना है। इनमें से कौन-सी, तीन स्तरीय प्रणाली के निम्नतम स्तर पर है?
(a) ग्राम पंचायतें (b) जिले
(c) पंचायत समितियां (d) ग्राम सभाएं

20. वह कौन सी पहली मुगल इमारत है जो शुद्ध संगमरमर से बनी है?
(a) ताजमहल
(b) बुलंद दरवाजा
(c) बीरबल का महल
(d) शेख सलीम चिश्ती की दरगाह



Scanned with OKEN Scanner

**21. निम्नलिखित में से कौन-सा समवर्ती सूची का एक हिस्सा नहीं है-**
(a) फौजदारी कानून
(b) शास्त्र, आग्नेयास्त्र गोला बारूद और विस्फोटक
(c) दंड प्रक्रिया संहिता
(d) भारतीय दंड संहिता

**22. विश्व स्वास्थ्य दिवस प्रति वर्ष....... को मनाया जाता है-**
(a) 8 मार्च (b) 7 अप्रैल
(c) 21 जून (d) 4 जुलाई

**23. किस भारतीय दार्शनिक-विचारक को 1893 में शिकागों में आयोजित विश्व धर्म सम्मेलन में अपने संबोधन के लिए याद किया जाता है?**
(a) राजाराम मोहन राय (b) स्वामी विवेकानंद
(c) सर्वपल्ली राधाकृष्णन (d) रामकृष्ण परमहंस

**24. भारतीय साहित्य में, आरंभिक बीसवीं शताब्दी के मुख्य हिन्दुस्तानी लेखक 'धनपत राय' को किस नाम से जाना जाता है?**
(a) फिराक गोरखपुरी (b) अशोक वाजपेयी
(c) मुंशी प्रेमचंद (d) बंकिमचंद्र चटर्जी

**25. हरिवंश राय बच्चन को उनके किस काव्य संग्रह के लिए जाना जाता है?**
(a) नजरुल गीति (b) गीतांजलि
(c) राजतरंगिणी (d) मधुशाला

**26. निम्न में से किस संरचना को प्रथम विश्व युद्ध के दौरान अविभाजित भारतीय सेना के सैनिकों की युद्ध स्मृति में बनाया गया है?**
(a) गेटवे ऑफ इंडिया
(b) इंडिया गेट
(c) बुलंद दरवाजा
(d) लाहौरी गेट, लाल किले का मुख्यद्वार

**27. किसकी आत्मकथा का शीर्षक 'गोल' है?**
(a) मेजर ध्यानचंद (b) बाइचुंग भूटिया
(c) पेले (d) डेविड बेकहम

**28. वर्ल्ड वाइड वेब के आविष्कारक कौन हैं?**
(a) सेर्गे ब्रिन (b) बिल गेट्स
(c) स्टीव जॉब्स (d) टिम बर्नर्स ली

**29. महर्षि वाल्मीकि का आश्रम ब्रह्मावर्त में स्थित था जो वर्तमान में उत्तर प्रदेश के ....... में है-**
(a) बिठूर (b) सीतापुर
(c) वाराणसी (d) इलाहाबाद

**30. अपनी कृति 'पृथ्वीराज रासो' में पृथ्वीराज चौहान के वीरतापूर्ण कार्यों का उल्लेख किसने किया है?**
(a) जगनिक (b) चंदबरदाई
(c) मतिराम (d) घनानंद

**31. राष्ट्रीय कवि, मैथिलीशरण गुप्त का जन्म उत्तर प्रदेश के......में हुआ था?**
(a) कानपुर (b) लखनऊ
(c) झांसी (d) उन्नाव

**32. मथुरा कला विद्यालय....काल के दौरान अपने शीर्ष पर था?**
(a) मौर्य (b) कुषाण
(c) मुगल (d) सल्तनत

**33. गुप्त काल का टेराकोटा ( पक्की मिट्टी ) की ईंटों से बना भीतरगांव मंदिर उत्तर प्रदेश के...... में स्थित है-**
(a) चित्रकूट (b) कानपुर
(c) गोरखपुर (d) वाराणसी

**34. वाराणसी के विश्वनाथ मंदिर का निर्माण द्वारा किया गया-**
(a) रानी अहिल्याबाई (b) हरीश चंद्र
(c) रानोजी सिंधिया (d) मोरोपंत पिंगल

**35. उत्तर प्रदेश के लोकायुक्त ( भ्रष्टाचार विरोधी प्राधिकरण ) का पद......में सृजित किया गया-**
(a) 1950 (b) 1965
(c) 1975 (d) 1977

**36. फर्रुखाबाद में गंगा नदी के किनारे, मुगल घाट का निर्माण बादशाह......ने करवाया था-**
(a) अकबर (b) औरंगजेब
(c) शाहजहाँ (d) जहाँगीर

**37. निम्न में से किस लोक नृत्य का आयोजन बुन्देलखंड क्षेत्र में फसल कटाई के समय किया जाता है?**
(a) कर्मा (b) छोलिया
(c) चरकुला (d) शैरा

**38. आगरा के मोती मस्जिद का निर्माण......द्वारा करवाया गया-**
(a) अकबर (b) औरंगजेब
(c) शाहजहाँ (d) दारा शिकोह

## सामान्य हिन्दी

**निम्नलिखित गद्यांश को पढ़िये और लिखे गए प्रश्नों ( प्र.सं. 39-43 ) के सही उत्तर वाले विकल्प चुनिए-**

सर्दियां के दिन थे। एक बालक सुबह के समय अकेला स्कूल जा रहा था। रास्ते में एक स्टेशन था। वह रेल की पटरी के पास से गुजर रहा था कि अचानक उसकी नजर रेल की पटरी पर गई। वह उखड़ी हुई थी। बालक ने घड़ी देखी, गाड़ी आने वाली थी। उसने सोचा कि अगर गाड़ी इस पटरी पर से गुजरेगी तो इसका भयंकर परिणाम हो सकता है। अभी वह उससे आगे सोच भी न पाया था कि गाड़ी की सीटी सुनाई दी। बस फिर क्या था, बालक के सामने एक ही लक्ष्य था-मुसाफिरों की जान बचाना। देखते-ही-देखते इंजन दिखाई देने लगा। बालक कूदकर दोनों पटरियों के बीच खड़ा होकर अपनी कमीज हिलाने लगा। ड्राइवर की नजर उस बालक पर पड़ गई और उसने ब्रेक लगा दी, लेकिन गाड़ी बिलकुल बालक के पास आकर रूकी। ड्राइवर ने क्रोध से पूछा, "क्या तुम्हें अपनी जान की कोई परवाह नहीं, गाड़ी क्यों रोकी।" बालक ने रेल की उखड़ी हुई पटरी दिखाई और कहा, " अगर मैं ऐसा न करता तो सैकड़ों लोगों की जान चली जाती।

**39. बच्चे ने घड़ी क्यों देखी?**
(a) उसे घड़ी अच्छी लगती थी।
(b) रेल के आने का समय हो रहा था।
(c) घड़ी अपने दोस्तों को दिखाना चाहता था।
(d) रोजाना घड़ी देखकर स्कूल जाता था।

**40. बच्चे का कमीज हिलाना व्यक्त करता है, बच्चे की-**
(a) सूझ-बूझ को (b) बेवकूफी को
(c) शरारत को (d) असावधानी को



Scanned with OKEN Scanner

**41. रेल ड्राईवर को क्रोध क्यों आया-**

(a) गाड़ी लेट हो रही थी।
(b) बच्चे की जिन्दगी का सवाल था।
(c) उसे अपनी नौकरी की चिंता थी।
(d) ड्राईवर को अपनी जान खतरे में लगती थी।

**42. टूटी पटरी को देखकर ड्राईवर के मन में बच्चे के प्रति आया होगा-**

(a) क्रोध का भाव (b) दु:ख का भाव
(c) शाबासी देने का भाव (d) निंदा का भाव

**43. लोगों की जान बचाने का कार्य बच्चे के किस गुण को प्रकट करता है?**

(a) त्याग को (b) धैर्य को
(c) उत्साह को (d) परहित को

**44. गोदान किसकी रचना है?**

(a) प्रेमचन्द्र (b) जैनेन्द्र की
(c) अज्ञेय की (d) नागार्जुन की

**45. महादेवी वर्मा को ज्ञानपीठ पुरस्कार किस कृति पर मिला है?**

(a) दीपशिखा (b) नीरजा
(c) यामा (d) श्रृंखला की कड़ियाँ

**46. अज्ञेय जी को किस कृति पर ज्ञानपीठ पुरस्कार मिला है?**

(a) भग्नदूत (b) इत्यलम
(c) हरी घास पर क्षण भर (d) कितनी नावों में कितनी बार

**47. उर्वशी के रचनाकार हैं-**

(a) जयशंकर प्रसाद (b) रामधारी सिंह दिनकर
(c) मैथिलीशरण गुप्त (d) महादेवी वर्मा

**48. कौन-से शब्द में र व्यंजन नहीं है?**

(a) मात्र (b) मूर्धा
(c) क्रम (d) मातृभूमि

**49. संज्ञा का भेद नहीं होता-**

(a) व्यक्तिवाचक (b) जातिवाचक
(c) निजवाचक (d) भाववाचक

**50. निम्नलिखित में से कौन-सा शब्द पुल्लिंग हैं-**

(a) वचन (b) हानि
(c) प्यास (d) बचत

**51. सदा ही बहुवचन में प्रयुक्त होने वाला शब्द है-**

(a) घर (b) प्रत्येक
(c) दर्शन (d) मुनि

**52. हरि मोहन अपनी <u>बहन को पुस्तक देता है</u>' वाक्य में रेखांकित पद में कारक है-**

(a) कर्म (b) सम्प्रदान
(c) संबंध (d) अधिकरण

**53. क्या <u>आप</u> घर भी जाएँगे? वाक्य में रेखांकित पद है-**

(a) संज्ञा (b) विशेषण
(c) सर्वनाम (d) क्रिया

**54. 'वह बहुत <u>धार्मिक</u> व्यक्ति है', वाक्य में रेखांकित पद है-**

(a) संज्ञा (b) सर्वनाम
(c) क्रिया (d) विशेषण

**55. निम्नलिखित में से 'तद्‌भव' शब्द छाँटिए-**

(a) कपूर (b) पक्ष
(c) मयूर (d) मानसिक

**56. 'सब कुछ जानने वाला' वाक्यांश के लिए एक शब्द है-**

(a) बहुज्ञ (b) सर्वज्ञ (c) अत्यज्ञ (d) अज्ञ

**57. उत्थान शब्द का विलोम होता है-**

(a) पतन (b) उड़ान (c) उर्ध्व (d) ध्रुव

**58. 'देवता' शब्द का पर्यायवाची शब्द नहीं है-**

(a) सुर (b) अमर (c) देव (d) सुधाकर

**59. सही अर्थ वाला 'शब्द युग्म' नहीं है-**

(a) अनिल-अनल = हवा – आग
(b) अलि – अली = मोर - सखी
(c) आदि-आदी = आरंभ - अभ्यस्त
(d) जलज – जलद = कमल – समुद्र

**60. 'पत्र' शब्द का अर्थ नहीं होता-**

(a) पत्ता (b) पंख (c) चिट्ठी (d) लेख

**61. सदैव शब्द में संधि है-**

(a) गुण संधि (b) दीर्घ संधि
(c) वृद्धि संधि (d) अयादि संधि

**62. 'प्रत्येक' शब्द में उपसर्ग है-**

(a) प्र (b) प्रति (c) प्रा (d) प्ररि

**63. 'वैज्ञानिक' शब्द में प्रत्यय लगा है-**

(a) क (b) इक (c) ईक (d) आई

**64. 'बहुत दिनों बाद दिखना' अर्थ के लिए मुहावरा है-**

(a) कोसों दूर होना। (b) गुदड़ी का लाल होना।
(c) ईद का चाँद होना। (d) अब-तब होना।

**65. 'धोबी का कुत्ता न घर का न घाट का' लोकोक्ति का अर्थ है-**

(a) गधा बनना (b) हेरा-फेरी करना
(c) घर पर न होना (d) कहीं ठौर-ठिकाना न होना

**66. निम्नलिखित में से अशुद्ध वाक्य छाँटिए-**

(a) कृष्णा जी के अनेकों नाम हैं।
(b) पुस्तक बहुत ही उपयोगी होती हैं।
(c) शोभना बहुत मीठा गाती है।
(d) मैं अभ्यास कर रहा हूँ।

**67. 'सद्‌भावना' शब्द में समास है-**

(a) अव्ययीभाव (b) तत्पुरुष
(c) कर्मधारय (d) द्विगु

**68. 'मुदित मनोहर मानस देखा' पंक्ति में अलंकार है-**

(a) यमक (b) अनुप्रास
(c) उपमा (d) रूपक

**69. 'वीर रस' का स्थायीभाव होता है-**

(a) रति (b) शोक
(c) क्रोध (d) उत्साह

**70. दामिनि दमक रही धन मांही।**
**खल कै प्रीत जथा थिर नाहीं**
**इन पंक्तियों में कौन-सा छंद है?**

(a) सवैया (b) दोहा (c) चौपाई (d) सोरठा



Scanned with OKEN Scanner

**71. निम्नलिखित में से 'भाववाच्य' का उदाहरण कौन-सा है?**
(a) अब चला जाए (b) रवि आम चूसता है
(c) मोहिनी पत्र लिखती है। (d) शीला से खाया नहीं जाता।

**72. नेता जी ने कहा था "तुम मुझे खून दो मैं तुम्हें आजादी दूँगा।" इस वाक्य में कौन-सा चिह्न लगा है?**
(a) पूर्ण विराम चिह्न (b) अल्प विराम चिह्न
(c) उद्धरण चिह्न (d) प्रश्नवाचक चिह्न

**73. वह काम नहीं करता। वाक्य में अव्यय पद है-**
(a) वह (b) काम (c) नहीं (d) करता

**74. निम्नलिखित में से कौन-से शब्द में 'ऋ' की मात्रा का उपयोग हुआ है?**
(a) क्रिया (b) वर्षा (c) रिपु (d) वृष्टि

**75. 'श' का उच्चारण स्थान है-**
(a) कंठ (b) तालु (c) दंत (d) मूर्धा

## संख्यात्मक एवं मानसिक योग्यता

**76. एक कमरे की लम्बाई, चौड़ाई और ऊँचाई का अनुपात 5:4 : 2 है। यदि एक नए कमरे में, लंबाई को 40% से और चौड़ाई को 25% बढ़ाया जाता है, कमरे के चारों दीवारों के कुल क्षेत्रफल को एक समान रखने हेतु कमरे के आयतन में क्या बदलाव किया जाएगा?**
(a) पहले जैसे ही होगा (b) 31.25% बढ़ोतरी होगी
(c) 20.25% बढोत्तरी होगी (d) 10% बढ़ोत्तरी होगा

**77. इयान, किसी कार्य को 15 घंटों में पूरा कर सकता है जबकि मानस को उसी काम को पूरा करने में 21 घंटे लगते हैं। काम पूरा होने तक, इयान से शुरू करते हुए, दोनों बारी-बारी से एक घंटा काम करते हैं। केवल अंतिम पारी के दौरान, काम पूरा होने तक दोनों में से एक व्यक्ति, एक घंटे से कम अवधि हेतु काम कर सकता है। काम को पूरा करने में उन्हें कितना समय लगेगा?**
(a) 17 घंटे 24 मिनट (b) 17 घंटे 30 मिनट
(c) 17 घंटे 48 मिनट (d) 17 घंटे 50 मिनट

**78. प्रसून, एक निश्चित गति में 180 किलोमीटर की दूरी तक साइकिल चलाता है। यदि वह प्रति घंटे 2 किलोमीटर की धीमी गति से साइकिल चलाता है तो उसे गंतव्य तक पहुँचने में और 3 घंटे अधिक लग सकते हैं। निम्नलिखित विकल्पों में से किलोमीटर/घंटे में, उस गति का चयन करें जिसमें वास्तव में प्रसून ने साइकिल चलाई होगी।**
(a) 9 (b) 10 (c) 12 (d) 15

**79. सादृश्य पूर्ण करें-**
**सिंह : सिंह शावक : : ? : इल्ली**
(a) डिंभक (b) बिल्ली
(c) तितली (d) कीट

**80. शब्दों की जोड़ी पर विचार करें-**
**पूर्वज : वंशज**
**निम्नलिखित शब्दों के मध्य संबंधों की कौन-सी जोड़ी ऊपर की जोड़ी से निकटता से मेल खाती है?**
(a) सुंदर : आकर्षक (b) सुंदर : बदसूरत
(c) बीमारी : रोग (d) बीमारी : मौत

**81. उस विकल्प का चयन करें जो तीसरे पद से ठीक उसी प्रकार से सम्बन्धित हैं, जैसे कि दूसरा पद पहले पद से संबंधित है। महाराष्ट्र : मुम्बई : : तमिलनाडु : .....**
(a) मदुरै (b) सलेम
(c) चेन्नई (d) कोयमबटूर

**82. सादृश्य पूर्ण करें-**
**कलम : नोक : :? : कॉकपिट**
(a) विमान (b) कुक्कुट फार्म
(c) पनडुब्बी (d) इंजन रूम

**83. उस विकल्प का चयन करें जो तीसरे पद से ठीक उसी प्रकार से सम्बन्धित है, जैसे कि दूसरा पद पहले पद से सम्बन्धित हैं-**
**SOCKS : TPDLT :: PANTS :**
(a) QBOUT (b) OBOUT
(c) QBPUT (d) OBPUT

**84. उस विकल्प का चयन करें जो तीसरे पद से ठीक उसी प्रकार से संबंधित है, जैसे कि दूसरा पद पहले पद से संबंधित है-**
**गद्य : अनुच्छेद : : कविता :......**
(a) रेखा (b) पद्य (c) छंद (d) ताल

**85. उस विकल्प का चयन करें जो तीसरे पद से ठीक उसी प्रकार से सम्बन्धित है, जैसे कि दूसरा पद पहले पद से सम्बन्धित है।**
**AERYL : TEAL :: PPYAH :**
(a) TFSO (b) DAS
(c) NITH (d) THORS

**86. अनुक्रम : A, E, I, ........ में 7वां अक्षर कौन-सा होगा?**
(a) V (b) W (c) X (d) Y

**87. नीचे दी गई श्रृंखला में रिक्त स्थान पर क्या आएगा-**
**4, 12, 36, 108, 324,......2916**
(a) 972 (b) 1089
(c) 989 (d) 672

**88. उस विकल्प का चयन करें जो कि निम्न श्रृंखला में प्रश्न चिह्न के स्थान पर आएगा-**
**0 15 S 19 L 12 X 24 Q ?**
(a) 20 (b) 16 (c) 17 (d) 18

**89. निम्न श्रृंखला में रिक्त स्थान पर आने वाले विकल्प का चयन करें।**
**81, 121, 169, 225,.....**
(a) 291 (b) 289 (c) 285 (d) 281

**90. अनुक्रम में अक्षरों का अगला समूह क्या होगा?**
**ab, bc, de, gh, kl?**
(a) pq (b) op (c) qr (d) rs

**91. नीचे दी गई श्रृंखला में 10वें स्थान पर कौन-सा अक्षर समूह होगा?**
**Aabcd bccde, cdeef, defgg,...?**
(a) jjklm (b) jkklm (c) jkllm (d) kllmn

**92. एक घड़ी में समय 4:35 बज रहा है। यदि मिनट की सुई, घड़ी की सुई की दिशा में 270 डिग्री चली जाती है तो घंटे की सुई किस दिशा में इंगित कर रही है।**
(a) दक्षिण-पूर्व (b) दक्षिण-पश्चिम
(c) उत्तर (d) उत्तर-पूर्व



Scanned with OKEN Scanner

**93.** प्रबुद्ध और दीपाली सुबह के समय एक दूसरे की ओर मुँह किए खड़े होकर बात कर रहे थे। यदि कोई एक व्यक्ति, पंक्ति में, उनमें शामिल हो जाता है तो उस पंक्ति और प्रबुद्ध की परछाई के बीच बना अधिक कोण 135 डिग्री का हो जाएगा। दीपाली किस ओर मुँह किए खड़ी है?

(a) उत्तर-पूर्व (b) दक्षिण
(c) उत्तर (d) दक्षिण-पश्चिम

**94.** निम्न प्रश्न में, दो कथन दिये गये हैं और इन कथनों का अनुसरण दो निष्कर्ष (I) और (II) द्वारा किया गया है। कथनों को सही माने और सामान्यतः ज्ञात तथ्यों को नजरअंदाज करते हुए, तय करें कि दिये गये कथनों में से कौन-सा निष्कर्ष तर्कसंगत तरीके से अनुपालन होता है।

**कथन :** कुछ पेंट्स किताबें हैं।
सभी किताबे पेंसिल हैं।

**निष्कर्ष :**
**I. कुछ पेंट्स पेंसिल हैं।**
**II. कोई पेंसिल किताब नहीं है।**

(a) केवल निष्कर्ष I पालन करता है।
(b) केवल निष्कर्ष II पालन करता है।
(c) ना तो निष्कर्ष I और ना ही II का पालन होता है।
(d) दोनों निष्कर्ष I और II का पालन होता है।

**95.** नीचे एक कथन दिया गया हैं, जिनके अनुसरण में दो धारणाएँ हैं। इस कथन को सही मानते हुए तथा सामान्यतः ज्ञात तथ्यों को नजरअंदाज करते हुए, यह निर्णय ले कि कथन में कौन-सी धारणाएँ अंतर्निहित हैं।

**कथन :**
**टेलीविजन एक बुद्धू डब्बा है।**
**धारणाएं :**
**I. टेलीविजन बुद्ध है।**
**II. टेलीविजन खरीदना बंद करें।**

(a) केवल धारणा I अंतर्निहित है।
(b) केवल धारणा II अंतर्निहित है।
(c) ना तो धारणा I ना ही II का अंतर्निहित है।
(d) दोनों धारणाएँ I और II अंतर्निहित है।

**96.** नीचे एक कथन दिया गया हैं, जिनके अनुसरण में दो धारणाएँ हैं। एक कथन को सही मानते हुए तथा सामान्यतः ज्ञात तथ्यों को नजर अंदाज करते हुए, यह निर्णय लें कि कथन में कौन सी धारणाएँ अंतर्निहित हैं।

**कथन :**
**कुछ भी करने से पहले सोच लें।**
**धारणाएं :**
**I. कुछ भी करना सोच से जुड़ा है।**
**II. किसी काम को करने से पहले ध्यान से सोचना चाहिए।**

(a) केवल धारणा 1 अंतर्निहित है।
(b) केवल धारणा 2 अंतर्निहित है।
(c) ना तो धारणा 1 ना ही 2 का अंतर्निहित है।
(d) दोनों धारणाएँ 1 और 2 अंतर्निहित है।

**97.** निम्नलिखित विकल्पों में से कौन-सी संख्या पूर्ण वर्ग नहीं है?

(a) 5625 (b) 7225
(c) 3625 (d) 9025

**98.** निम्नलिखित समीकरण का हल निकालने हेतु सर्वाधिक उचित विकल्प का चयन करें।

$80 + 5 \times (26 - 8 + 3) + 12$

(a) 12 (b) 8 (c) 16 (d) 32

**99.** निम्नलिखित समीकरण को हल निकालने हेतु सर्वाधिक उचित विकल्प का चयन करें।

10.77+ 6.59 +2.26

(a) 19.62 (b) 18.62 (c) 19.72 (d) 18 .52

**100.** 13/18 एवं 2/3 के बीच क्या अंतर है?

(a) 5/18 (b) 1/18 (c) 11/15 (d) 5/12

**101.** 42, 60 एवं 72 का महत्तम समापवर्तक ( एचसीएफ ) क्या है?

(a) 2 (b) 3 (c) 6 (d) 12

**102.** 25,30 एवं 60 का लघुत्तम समापवर्त्य ( एलसीएम ) क्या है?

(a) 600 (b) 240 (c)150 (d) 300

**103.** यदि 121 चॉकलेट को 7: 4 के अनुपात में बाँटा जाता है, तो चॉकलेट का छोटा भाग......

(a) 40 (b) 44 (c) 48 (d) 36

**104.** 525 का 28% क्या है?

(a) 154 (b) 147 (c) 140 (d) 133

**105.** 65 का 220% क्या है?

(a) 145 (b) 144 (c) 143 (d) 142

**106.** किसी वस्तु को 693 में बेच कर, स्मृति को 26% लाभ प्राप्त होता है। स्मृति ने कितने रुपये में उस वस्तु की खरीदारी की थी?

(a) ₹ 550 (b) ₹ 560 (c) ₹ 540 (d) ₹ 575

**107.** 14% की छूट पर एक खिलौने की बिक्री ₹ 215 में की गई। खिलौने का अंकित मूल्य क्या था?

(a) ₹ 240 (b) ₹ 275 (c) ₹ 250 (d) ₹ 260

**108.** 4% प्रतिवर्ष का साधारण ब्याज पर 5 वर्ष हेतु ₹ 3750 का निवेश करने पर, ₹....प्राप्त होगा-

(a) ₹ 800 (b) ₹ 640 (c) ₹ 675 (d) ₹ 750

**109.** 10% की वार्षिक चक्रवृद्धि ब्याज पर 2 वर्ष के लिए 2100 के निवेश पर प्राप्त की जाने वाली ब्याज की राशि क्या होगी?

(a) ₹ 432 (b) ₹ 441 (c) ₹ 453 (d) ₹ 462

**110.** मिताली और जुलन ने क्रमशः ₹ 336 एवं ₹ 231 एक कारोबार में निवेश किए परंतु मिताली ने कुछ महीनों बाद पैसे वापस निकाल लिए। 12 महीने के समापन पर मिताली और जुलन द्वारा बाँटे गये लाभ का अनुपात 2:3 होने पर मिताली ने कितने महीनों के बाद अपना पैसा निकाल लिया होगा।

(a) 4.5 (b) 5.5 (c) 6.5 (d) 7.5

**111.** 14, 31 तथा एक अन्य संख्या का औसत 30 है, तीसरी संख्या क्या है?

(a) 35 (b) 36 (c) 40 (d) 45

**112.** व्यक्ति A, 90 मिनट में किसी कार्य को पूरा कर सकता है, जबकि B को वही कार्य करने में 54 मिनट लगते हैं। दोनों मिलकर, काम को पूरा करने में कितना समय लगायेंगे?

(a) 34 मिनट, 40 सेकेण्ड (b) 34 मिनट, 30 सेकेण्ड
(c) 33 मिनट, 45 सेकेण्ड (d) 32 मिनट, 55 सेकेण्ड



Scanned with OKEN Scanner